# NEERAJ®

# भारतीय संस्कृति और विरासत

## (Indian Culture & Heritage)

N-223

## Chapter wise Reference Book
## Including Many Solved Sample Papers

*Based on*

# N.I.O.S. *Class – X*

## National Institute of Open Schooling


***By :***
***Manish Kumar***



**NEERAJ**
**PUBLICATIONS**
( Publishers of Educational Books )

Retail Sales Office:

1507, First Floor, Nai Sarak, Delhi - 6
Mob.: 8510009872, 8510009878
E-mail: info@neerajbooks.com
Website: www.neerajbooks.com


MRP ₹ 240/-

Published by:

**NEERAJ PUBLICATIONS**

*(Publishers of Educational Books)*

Retail Sales Office : 1507, 1st Floor, Nai Sarak, Delhi-110 006
E-mail: info@neerajbooks.com | Website: www.neerajbooks.com

**© Copyright Reserved with the Publishers only.**

Typesetting by: Competent Computers, Printed at: Novelty Printer

*Disclaimer/T&C*

1. *For the best & up-to-date study & results, please prefer the recommended textbooks/study material only.*
2. *This book is just a Guide Book/Reference Book published by NEERAJ PUBLICATIONS based on the suggested syllabus by a particular Board/University.*
3. *These books are prepared by the author for the help, guidance and reference of the student to get an idea of how he/she can study easily in a short time duration. Content matter & Sample answers given in this Book may be Seen as the Guide/Reference Material only. Neither the publisher nor the author or seller will be responsible for any damage or loss due to any mistake, error or discrepancy as we do not claim the Accuracy of these Solutions/Answers. Any Omission or Error is highly regretted though every care has been taken while preparing, printing, composing and proofreading of these Books. As all the Composing, Printing, Publishing and Proof Reading, etc., are done by Human only and chances of Human Error could not be denied. Any mistake, error or discrepancy noted may be brought to the publishers notice which shall be taken care of in the next edition and thereafter as a good gesture by our company he/she would be provided the rectified Book free of cost. Please consult your Teacher/Tutor or refer to the prescribed & recommended study material of the university/board/institute/ Govt. of India Publication or notification if you have any doubts or confusions regarding any information, data, concept, results, etc. before you appear in the exam or Prepare your Assignments before submitting to the University/Board/Institute.*
4. *In case of any dispute whatsoever the maximum anybody can claim against NEERAJ PUBLICATIONS is just for the price of the Book.*
5. *The number of questions in NEERAJ study materials are indicative of general scope and design of the question paper.*
6. *Any type of ONLINE Sale/Resale of "NEERAJ BOOKS" published by "NEERAJ PUBLICATIONS" on Websites, Web Portals, Online Shopping Sites, like Amazon, Flipkart, Ebay, Snapdeal, etc., is strictly not permitted without prior written permission from NEERAJ PUBLICATIONS. Any such online sale activity by an Individual, Company, Dealer, Bookseller, Book Trader or Distributor will be termed as ILLEGAL SALE of NEERAJ BOOKS and will invite legal action against the offenders.*
7. *The User agrees Not to reproduce, duplicate, copy, sell, resell or exploit for any commercial purposes, any portion of these Books without the written permission of the publisher. This book or part thereof cannot be translated or reproduced in any form (except for review or criticism) without the written permission of the publishers.*
8. *All material prewritten or custom written is intended for the sole purpose of research and exemplary purposes only. We encourage you to use our material as a research and study aid only. Plagiarism is a crime, and we condone such behaviour. Please use our material responsibly.*
9. *All matters, terms & disputes are subject to Delhi Jurisdiction only.*

*Get books by Post & Pay Cash on Delivery :*

*If you want to Buy NEERAJ BOOKS by post then please order your complete requirement at our Website www.neerajbooks.com where you can select your Required NEERAJ BOOKS after seeing the Details of the Course, Subject, Printed Price & the Cover-pages (Title) of NEERAJ BOOKS.*

*While placing your Order at our Website www.neerajbooks.com You may also avail the "Special Discount Schemes" being offered at our Official website www.neerajbooks.com.*

*No need to pay in advance as you may pay "Cash on Delivery" (All The Payment including the Price of the Book & the Postal Charges, etc.) are to be Paid to the Delivery Person at the time when You take the Delivery of the Books & they shall Pass the Value of the Goods to us. We usually dispatch the books Nearly within 3-4 days after we receive your order and it takes Nearly 4-5 days in the postal service to reach your Destination (In total it take nearly 8-9 days).*

# CONTENTS

# भारतीय संस्कृति और विरासत
## ( Indian Culture & Heritage )

*Based on:* **NATIONAL INSTITUTE OF OPEN SCHOOLING – X**


| *S.No.* | *Chapters* | *Page* |
|---|---|---|
| | **Solved Sample Paper - 1** | **1–3** |
| | **Solved Sample Paper - 2** | **1–3** |
| | **Solved Sample Paper - 3** | **1–3** |
| | **Solved Sample Paper - 4** | **1–3** |
| | **Solved Sample Paper - 5** | **1–3** |

| *S.No.* | *Chapter* | *Page* |
|---|---|---|
| | **माड्यूल–1: संस्कृति (Culture)** | |
| 1. | संस्कृति : एक परिचय ( Culture: An Introduction ) | 1 |
| 2. | भारतीय संस्कृति ( Culture: An Introduction ) | 8 |
| | **माड्यूल–2 : विभिन्न युगों में इतिहास और संस्कृति (History and Culture through the Ages)** | |
| 3. | प्राचीन भारत ( Ancient India ) | 15 |
| 4. | मध्यकालीन भारत ( Medieval India ) | 27 |
| 5. | आधुनिक भारत ( Modern India ) | 37 |

| S.No. | Chapter | Page |
|---|---|---|
| | **माड्यूल–3 : भाषाएँ एवं साहित्य (Languages and Literature)** | |
| 6. | भारतीय भाषाएँ तथा साहित्य-I (Indian Languages and Literature-I) | 45 |
| 7. | भारतीय भाषाएँ तथा साहित्य-II (Indian Languages and Literature–II) | 53 |
| | **माड्यूल–4: धर्म और दर्शन (Religion and Philosophy)** | |
| 8. | प्राचीन भारत में धर्म और दर्शन (Religion and Philosophy in Ancient India) | 62 |
| 9. | मध्यकालीन भारत में धर्म और दर्शन (Religion and Philosophy in Medieval India) | 73 |
| 10. | आधुनिक भारत में धार्मिक सुधार आन्दोलन (Religious Reform Movements in Modern India) | 79 |
| | **माड्यूल–5 : चित्रकला, प्रस्तुति कलाएँ और वास्तु विज्ञान (Painting, Performing Arts and Architecture)** | |
| 11. | भारतीय चित्रकला (Indian Painting) | 85 |
| 12. | प्रस्तुति कलाएँ–संगीत, नृत्य तथा नाटक ( Performing Arts: Music, Dance and Drama ) | 93 |
| 13. | भारतीय स्थापत्य कला (Indian Architecture) | 101 |
| | **माड्यूल–6 : विज्ञान और प्रौद्योगिकी (Science and Technology)** | |
| 14. | भारत में विज्ञान और प्रौद्योगिकी ( Science and Technology in India ) | 113 |
| 15. | प्राचीन भारत के वैज्ञानिक (Scientists of Ancient India) | 121 |

| *S.No.* | *Chapter* | *Page* |
|---|---|---|
| 16. | मध्ययुगीन भारत में विज्ञान और वैज्ञानिक (Science and Scientists of Medieval India) | 128 |
| 17. | आधुनिक भारत के वैज्ञानिक (Scientists of Modern India) | 134 |
| | **माड्यूल–7: शिक्षा (Education)** | |
| 18. | भारत में शिक्षा (Education in India) | 140 |
| | **माड्यूल–8 : सामाजिक संरचना (Social Structure)** | |
| 19. | भारतीय समाज की संरचना (Indian Social Structure) | 152 |
| 20. | वर्तमान भारत में सामाजिक-सांस्कृतिक समस्याएँ (Socio-Cultural Issues in Contemporary India) | 164 |
| | **माड्यूल–9 : भारतीय संस्कृति का विदेशों में प्रसार (Spread of Indian Culture Abroad)** | |
| 21. | भारतीय संस्कृति का विदेशों में प्रसार (Spread of Indian Culture Abroad) | 171 |


■■

# Sample Preview of the Solved Sample Question Papers

*Published by:*

**NEERAJ PUBLICATIONS**

www.neerajbooks.com

# Solved Sample Paper - 1

**Based on NIOS (National Institute of Open Schooling)**

# भारतीय संस्कृति और विरासत - X

## ( Indian Culture and Heritage )

**समय : 3 घंटे ]** **[ पूर्णांक : 100**

**निर्देश :** (1) सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिये।

(2) प्रश्न संख्या 1 से 8 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिय गये हैं। इनका उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिये। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के लिये अलग से समय नहीं दिया गया है।

(3) प्रश्न संख्या 9 से 16 तक के प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 शब्दों में लिखिये।

(4) प्रश्न संख्या 17 से 25 तक के प्रश्नों के उत्तर लगभग 40-50 शब्दों में लिखिये।

(5) प्रश्न संख्या 26 से 30 तक के प्रश्नों के उत्तर 150-200 शब्दों में लिखिये।

Neeraj Publications www.neerajbooks.com

**प्रश्न 1. नामदेव निम्न में से किस भाषा में कविता लिखते थे?**

(क) मराठी (ख) गुजराती

(ग) कन्नड़ (घ) तेलुगु

उत्तर–(क) मराठी।

**प्रश्न 2. सामवेद में कितने राग और रागिनियां हैं?**

(क) 15000 (ख) 16000

(ग) 17000 (घ) 18000

उत्तर–(ख) 16000

**प्रश्न 3. रसखान के निम्न में से किस देवता का प्रशंसा में कविताएं लिखी थीं?**

(क) राम (ख) शिव

(ग) कृष्ण (घ) विष्णु

उत्तर–(ग) कृष्ण।

**प्रश्न 4. निम्न में से कौन सूफी सिलसिला सरा (इस्लामी कानून) को नहीं मानता था?**

(क) चिश्ती (ख) नक्शबंदी

(ग) सुहरावर्दी (घ) कलन्दर

उत्तर–(घ) कलन्दर।

**प्रश्न 5. निम्न में से कौन से स्थान पर प्रथम सिख गुरु नानक का जन्म हुआ था?**

(क) तलवन्डी (ख) लाहौर

(ग) पटना (घ) अमृतसर

उत्तर–(क) तलवन्डी।

**प्रश्न 6. निम्न में से किस लेखक ने 'गणितसार' नामक पुस्तक लिखी थी?**

(क) श्रीधर (ख) महावीराचार्य

(ग) गणेश दैवज्ञ (घ) नीलकन्ठ ज्योतिर्विद

उत्तर–(ख) महावीराचार्य

**प्रश्न 7. अत्रेय संहिता निम्न में से किस विषय से संबंधित है?**

(क) गणित (ख) औषधि

(ग) कृषि (घ) भौतिक विज्ञान

उत्तर–(ख) औषधि।

**प्रश्न 8. निम्न में से किस पंचवर्षीय योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान चलाया गया था?**

(क) नवीं (ख) दसवीं

(ग) ग्यारहवीं (घ) बारहवीं

उत्तर–(घ) बारहवीं।

**प्रश्न 9. आगरा में स्थित दो विरासत इमारतों के नाम लिखिये।**

उत्तर–ताजमहल, लालकिला।

**प्रश्न 10. जैन धर्म के दो सम्प्रदायों के नाम लिखो।**

उत्तर–दिगम्बर और श्वेताम्बर जैन धर्म की दो मुख्य शाखाएं हैं। दिगम्बर संघ में साधु नग्न (दिगम्बर) रहते हैं तथा श्वेताम्बर संघ के साधु श्वेत (सफेद) वस्त्र धारण करते हैं। इसी मुख्य विभिन्नता के कारण ये दो संघ बने।

**प्रश्न 11. गीता क्यों एक महत्त्वपूर्ण पुस्तक है? दो कारण बताइये।**

उत्तर–सभी ग्रंथों में से श्रीमद्भगवद् गीता को सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है, क्योंकि इसमें व्यक्ति के जीवन का सार है और इसमें महाभारत काल से लेकर द्वापर में कृष्ण की सभी लीलाओं का वर्णन किया गया है। इसकी रचना महर्षि वेदव्यास ने की थी। गीता में ज्ञानयोग, कर्म योग, भक्ति योग, राजयोग, एकेश्वरवाद आदि की बहुत सुंदर ढंग से चर्चा की गई है। गीता मनुष्य को कर्म का महत्व समझाती है। गीता में श्रेष्ठ मानव जीवन का सार बताया गया है।

**प्रश्न 12. भक्ति संतों में कबीर भिन्न क्यों माने जाते हैं? दो कारण बताइये।**

www.neerajbooks.com



**उत्तर**–कबीर भक्ति सन्तों में अग्रणी सन्त माने जाते हैं। कबीर के अनुसार ईश्वर एक है। कबीर ने धर्म की सादगी पर बल दिया और कहा कि भगवान को पाने का सबसे आसान तरीका भक्ति है। कबीर ने सरल भाषा का प्रयोग किया जिससे वे जनता में लोकप्रिय हो गए।

**प्रश्न 13. किन्हीं दो समाज सुधार के क्षेत्रों के नाम लिखिये जिनके लिये राजा राम मोहन राय प्रसिद्ध है।**

**उत्तर**–**संदर्भ**–देखें अध्याय-10, पृष्ठ-81, प्रश्न 1 (पाठांत प्रश्न)

**प्रश्न 14. मधुबनी चित्रकला की किन्हीं दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।**

**उत्तर**–**संदर्भ**–देखें अध्याय-11, पृष्ठ-87, प्रश्न 2 (पाठांत प्रश्न)

**प्रश्न 15. नृत्य किस प्रकार से एक महत्त्वपूर्ण प्रस्तुति कला है? दो तर्क दीजिये।**

**उत्तर**–कथा कहते हुए, नृत्य, भावनाओं को व्यक्त करने का सशक्त साधन है। भारत में नृत्य कलाओं के इतिहास का प्रारम्भ हड़प्पा संस्कृति में खोजा जा सकता है।

भारतीय परम्परागत संस्कृति में नृत्यों के द्वारा धार्मिक विचारों को सांकेतिक अभिव्यक्ति दी जाती थी। नटराज के रूप में शिव की मुद्रा सृष्टि चक्र के निर्माण व ध्वंस को दर्शाती है। नटराज के रूप में शिव की लोकप्रिय प्रतिमा भारतीय जनमानस पर नृत्य के प्रभाव को दर्शाती है। देश के विशेष रूप से दक्षिणी भाग में कोई भी ऐसा मंदिर नहीं है जहां नृत्य करते देवों की विभिन्न मुद्राओं वाली मूर्ति न हो कत्थकली, मणिपुरी, भरतनाट्यम् कत्थक, कुचीपुड़ी तथा ओडिसी कुछ भारतीय शास्त्रीय नृत्यों के प्रकार है, जो हमारी सांस्कृतिक विरासत का आवश्यक अंग है।

**प्रश्न 16. भारत में लड़कियों के साथ भेदभाव क्यों किया जाता है? दो कारण बताइये।**

**उत्तर**–**संदर्भ**–देखें अध्याय-19, पृष्ठ-161, प्रश्न 2

**प्रश्न 17. संस्कृति की किन्हीं चार सामान्य विशेषताओं का वर्णन कीजिये।**

**उत्तर**–**संदर्भ**–देखें अध्याय-1, पृष्ठ-4, प्रश्न 4 (पाठांत प्रश्न)

**प्रश्न 18. हमारी संस्कृति पर पड़ने वाले किन्हीं दो महत्त्वपूर्ण आधुनिक प्रभावों की व्याख्या कीजिये।**

**उत्तर**–**संदर्भ**–देखें अध्याय-2, पृष्ठ-14, प्रश्न 5

**प्रश्न 19. अठारहवीं शताब्दी में हिन्दू और मुसलमानों के बीच मित्रता के संबंधों के चार कारण लिखिए।**

**उत्तर**–18वीं सदी में दोनों धर्मों के लोगों के बीच मित्रता के सम्बन्ध थे। सभी में धार्मिक सहिष्णुता थी। युद्ध राजनैतिक स्तर पर स्वार्थवश किए जाते थे परन्तु धर्म के लिए नहीं। दोनों समुदायों के लोग एक-दूसरे के उत्सवों में भाग लेते थे। बहुत से हिन्दू-मुसलमान पीरों (सन्त) में विश्वास रखते थे और मुसलमान भी हिन्दू देवों तथा सन्तों के प्रति आदर की भावना रखते थे।

**प्रश्न 20. भारत में साहित्य के विकास में ईसाई मशीनरियों के योगदान का वर्णन कीजिये।**

**उत्तर**–**संदर्भ**–देखें अध्याय-7, पृष्ठ-55, प्रश्न 1 (पाठांत प्रश्न)

**प्रश्न 21. पांचवीं से सातवीं शताब्दी के बीच वर्ण व्यवस्था में आये महत्त्वपूर्ण परिवर्तनों की व्याख्या कीजिये।**

**उत्तर**–पांचवीं से सातवीं शताब्दियों के बीच में वर्ण/जाति व्यवस्था में और भी अधिक परिवर्तन आए। भूमि अनुदान के कारण भूमिपतियों की उत्पत्ति के फलस्वरूप वैश्य सेवा करने वाले किसान बन गए। बहुत से जनजातिय किसान शूद्रों के रूप में परिवर्तित हो गए। धीरे-धीरे शूद्र भी अब वैश्यों के समान किसान बन गए। अब वैश्य और शूद्र एक श्रेणी में बंध गए। लेकिन गंगा की तराई से भिन्न क्षेत्रों में जातिप्रथा एक भिन्न रूप में सामने आई। बंगाल में दक्षिणी भारत और अन्य सीमावर्ती प्रान्तों में मुख्यतया दो जातियां उभरकर सामने आई– ब्राह्मण और शूद्र। सातवीं शताब्दी के बाद से उत्तरी भारतीय समाज में राजपूत एक महत्त्वपूर्ण घटक के रूप में उभरे।

**प्रश्न 22. हम साम्प्रदायिकता को किस प्रकार से नियंत्रित कर सकते हैं? चार विधियाँ लिखिये।**

**उत्तर**–साम्प्रदायिक संगठनों एवं सम्प्रदायवाद का प्रचार प्रसार करने वाले प्रकाशनों पर सरकारी कानून द्वारा प्रतिबंध लगा दिया जाना चाहिए। सरकार को ऐसी विधियो का निर्माण करना चाहिए जिनका उद्देश्य किसी सम्प्रदाय विशेष का हित संरक्षण न होकर सार्वजनिक हित हो।

सरकार, नागरिक समाज और गैर-सरकारी संगठनों को सांप्रदायिकता के खिलाफ जागरूकता के प्रसार में मदद करने वाली परियोजनाओं को चलाने के लिए उन्हें प्रोत्साहन और समर्थन प्रदान कर सकती है, ताकि आने वाली पीढ़ियों में मजबूत सांप्रदायिक सद्भाव के मूल्यों का निर्माण किया जा सके और इस प्रकार एक बेहतर समाज का निर्माण करने में मदद मिल सकती है।

सांप्रदायिक हिंसा को रोकने के लिए मजबूत कानून की आवश्यकता होती है। अतः सांप्रदायिक हिंसा (रोकथाम, नियंत्रण और पीड़ितों का पुनर्वास) विधेयक, 2005 को मजबूती के साथ लागू करने की आवश्यकता है।

**प्रश्न 23. भारतीय संस्कृति के विदेशों में प्रसार में भारतीय विश्वविद्यालयों की भूमिका की व्याख्या कीजिये।**

**उत्तर**–**संदर्भ**–देखें अध्याय-21, पृष्ठ-174, प्रश्न 2 (पाठांत प्रश्न)

**इसे भी देखें**–सांस्कृतिक आदान-प्रदान में यहां के प्राचीन विश्वविद्यालयों की भूमिका सबसे ज्यादा महत्त्वपूर्ण रही है। इन्होंने बड़ी संख्या में विद्वानों और छात्रों को आकर्षित किया। विदेश से आने वाले विद्वान अक्सर नालंदा विश्वविद्यालय के पुस्तकालय में जाते थे। प्रसिद्ध चीनी यात्री ह्वेनसांग ने भारत के उन सभी विश्वविद्यालयों का विस्तार से वर्णन किया है, जिनमें वह गए अथवा जहां रहकर इन्होंने अध्ययन किया। उदाहरण के लिए, इनमें से दो विश्वविद्यालयों का विशेष रूप से उल्लेख किया जा सकता है–पूर्व में नालंदा तथा पश्चिम में वल्लभी।

गंगा के पूर्वी तट पर एक अन्य विश्वविद्यालय था–विक्रमशिला। तिब्बती विद्वान् तारानाथ ने इसका विस्तृत वर्णन किया है। यहां के शिक्षक और विद्वान तिब्बत में इतने प्रसिद्ध थे कि कहा जाता है एक बार तिब्बत के राजा ने इस विश्वविद्यालय के प्रधान को तिब्बत में आमंत्रित करने के लिए दूत भेजे थे ताकि स्वदेशी ज्ञान और जन सामान्य की संस्कृति में रुचि जगाई जा सके।

**प्रश्न 24. अंगकोरवाट मन्दिर भगवान विष्णु से किस प्रकार संबंधित है? उदाहरणों द्वारा सिद्ध कीजिए।**

**उत्तर**–अंकोरवाट मंदिर जो कंबोडिया में स्थित है, जिसे भगवान विष्णु का सबसे बड़ा मंदिर कहा जाता है। इस मंदिर में साक्षात् भगवान् विष्णु शोभायमान हैं। इसकी दीवारें रामायण और महाभारत जैसे विस्तृत और पवित्र धर्मग्रंथों से जुड़ी कहानियां कहती

www.neerajbooks.com

# Sample Preview
# of
# The Chapter

*Published by:*

**NEERAJ PUBLICATIONS**

www.neerajbooks.com

# भारतीय संस्कृति एवं विरासत
## ( INDIAN CULTURE & HERITAGE )

*Based On:* **NATIONAL INSTITUTE OF OPEN SCHOOLING – X**

**माड्यूल–1** | **संस्कृति (Culture)**

## संस्कृति : एक परिचय
### ( Culture: An Introduction )

**1**

### पाठ का सार

भोजन, कपड़े तथा भाषा को भी संस्कृति के अन्तर्गत सम्मिलित किया जाता है। संस्कृति उस विधि का प्रतीक है जिसमें हम सोचते हैं। वास्तव में मानवों की सभी उपलब्धियाँ संस्कृति कही जा सकती हैं। कला, संगीत, भाषा, शिल्पकला, धर्म इत्यादि को संस्कृति के पक्षों के रूप में जाना जाता है। इसके अन्तर्गत रीति-रिवाजों तथा परंपराओं को भी शामिल किया जाता है। संस्कृति पर्यावरण से भी सम्बन्धित होती है। सभी विद्वान इस बात पर सहमत हैं कि संस्कृति में मनुष्यों द्वारा प्राप्त सभी आन्तरिक और बाह्य व्यवहारों के तरीके समाहित हैं।

संस्कृति उसे कहते हैं जिसके माध्यम से लोग परस्पर सम्प्रेषण करते हैं, विचार करते हैं तथा ज्ञान को विकसित करते हैं। संस्कृति हमारे साहित्य में, धार्मिक कार्यों में, मनोरंजन और आनंद प्राप्त करने के तरीकों में भी देखी जा सकती है। भौतिक संस्कृति भौतिक पक्षों से सम्बन्धित है जबकि अभौतिक संस्कृति का सम्बन्ध विचारों, आदर्शों तथा भावनाओं से है। संस्कृति एक स्थान से दूसरे स्थान में बदलती रहती है। संस्कृति का विकास ऐतिहासिक प्रक्रिया पर आधारित होता है।

संस्कृति और सभ्यता के अर्थ भिन्न-भिन्न हैं। सभ्यता का अर्थ है जीने के बेहतर तरीके। इसके अन्तर्गत समाजों को संगठित करना भी सम्मिलित है जो जीवन स्तर को सुधारने का प्रयत्न करते रहते हैं जबकि संस्कृति आन्तरिक अनुभूति से सम्बद्ध है। इसमें कला, विज्ञान, संगीत और मानव जीवन की उच्चतर उपलब्धियाँ समाहित हैं। संस्कृति सभ्यता से अलग होती है। संस्कृति मानव के अन्तर्मन का उच्चतम स्तर है। एक व्यक्ति को तब संस्कृत कहा जा सकता है जब वह बुद्धि और अन्तरात्मा के स्तरों को अभिव्यक्त करता है। सांस्कृतिक विकास एक ऐतिहासिक प्रक्रिया है। जो संस्कृति हम अपने पूर्वजों से प्राप्त करते हैं, उसे सांस्कृतिक विरासत कहते हैं। एक राष्ट्र भी संस्कृति को विरासत में प्राप्त करता है, जिसे राष्ट्रीय सांस्कृतिक विरासत कहते हैं। सांस्कृतिक विरासत में वे सभी पक्ष सम्मिलित होते हैं जो मनुष्यों की पीढ़ी दर पीढ़ी अपने पूर्वजों से प्राप्त हुए हैं। ताजमहल, आगरे का लाल किला, दिल्ली का कुतुबमीनार, दिलवाड़े के जैन मन्दिर (राजस्थान), अमृतसर का स्वर्ण मन्दिर हमारी विरासत के कुछ उदाहरण हैं। इमारतें, शिल्पकृतियाँ, बौद्धिक उपलब्धियाँ, दर्शन, ज्ञान के ग्रंथ, आविष्कार तथा खोज भी विरासत का हिस्सा हैं।

गणित, खगोल विद्या और ज्योतिष के क्षेत्र में बौधायन, आर्यभट्ट और भास्कराचार्य का योगदान, भौतिक शास्त्र के क्षेत्र में कणाद और वराहमिहिर का योगदान, रसायनशास्त्र के क्षेत्र में नागार्जुन का योगदान, औषधि के क्षेत्र में सुश्रुत और चरक का योगदान तथा योग के क्षेत्र में पंतजलि का योगदान हमारी सांस्कृतिक विरासत के महत्त्वपूर्ण उदाहरण हैं। हमारी संस्कृति परिवर्तनशील है परन्तु हमारी सांस्कृतिक विरासत परिवर्तनशील

नहीं है। हमारी सांस्कृतिक विरासत हमें एक–दूसरे से बांधे रखेगी। भारतीय साहित्य और धर्मग्रंथ, जैसे–वेद, ब्राह्मण, उपनिषद, गीता योग आदि ने संस्कृति की उन्नति में योगदान दिया है।

सभी संस्कृतियों की कुछ महत्त्वपूर्ण विशेषताएं होती हैं, जो इनके महत्त्व को स्थापित करती हैं। संस्कृति सीखी जाती है और प्राप्त की जाती है अर्थात मानव के द्वारा संस्कृति को प्राप्त किया जाता है। मानव की संस्कृति शारीरिक और सामाजिक वातावरण से प्रभावित होती है। संस्कृति लोगों के समूह द्वारा बाँटी भी जाती है। संस्कृति की एक महत्त्वपूर्ण विशेषता यह होती है कि संस्कृति संचयी होती है।

संस्कृति में शामिल ज्ञान को एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक हस्तांतरित किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त संस्कृति परिर्वतनशील भी होती है। संस्कृति की एक महत्त्वपूर्ण विशेषता उसका गतिशील होना भी है। समय के साथ-साथ संस्कृति में परिवर्तन होता चला जाता है तथा इसमें नये विचार तथा नये कौशल जुड़ते चले जाते हैं। संस्कृति हमें यह भी बताती है कि हमें किस प्रकार का समुचित व्यवहार करना चाहिए। संस्कृति भिन्न भी होती है। इसके अन्तर्गत विभिन्न पारम्परिक भाग एक–दूसरे पर आश्रित रहते हैं।

संस्कृति अक्सर वैचारिक भी होती है। इसमें व्यक्ति से उन विचारों का पालन करने की आशा की जाती है, जिन्हें सामाजिक स्वीकृति प्राप्त हो सके। संस्कृति मानव जीवन के बहुत निकट से जुड़ी होती है। संस्कृति वह गुण है जो हमें मनुष्य बनाता है। इसके अतिरिक्त संस्कृति विश्वासों, जीवन शैली, आध्यत्मिकता तथा भौतिक पक्ष से भी जुड़ी हुई है। संस्कृति मानव को जीवन जीने का तरीका सिखाती है तथा मानव को मानव बनाती है। संस्कृति का एक मौलिक तत्व है–धार्मिक विश्वास और उसकी प्रतीकात्मक अभिव्यक्ति।

विश्व जैसे–जैसे जुड़ता चला जा रहा है, हम अधिक-से-अधिक वैश्विक हो रहे हैं। सह-अस्तित्व की आवश्यकता ने विभिन्न संस्कृतियों और विश्वासों के सह–अस्तित्व को भी आवश्यक बना दिया है इसलिए यह आवश्यक है कि हम अन्य संस्कृतियों को भी जानने का प्रयास करें तथा अपनी संस्कृति को भी भली–भाँति समझे। तीन शाश्वत मूल्य संस्कृति से निकट से जुड़े हैं–सत्य, शिव तथा सुन्दर। संस्कृति ही हमें दर्शन और धर्म के माध्यम से सत्य के निकट लाती है। संस्कृति ही हमें नैतिक मानव बनाती है और संस्कृति ही हमें प्रेम, दया, सहिष्णुता और शान्ति का पाठ पढ़ाती है।

## पाठगत प्रश्न – 1.1

**प्रश्न 1. आप कैसे कह सकते हैं कि कल्चर और संस्कृति का अर्थ समान होता है?**

**उत्तर**–कल्चर शब्द लेटिन भाषा के 'कल्ट' शब्द से लिया गया है, जिसका अर्थ होता है–विकसित करना या परिष्कृत करना। संस्कृति भी इसी प्रकार का शब्द है, जिसका अर्थ होता है, निर्मित करना अर्थात् हमने क्या निर्मित किया। वास्तव में इन शब्दों का अर्थ लगभग समान होता है।

**प्रश्न 2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

**(अ) मनुष्यों और समूहों की सभी उपलब्धियाँ ........ कहलाती हैं।**

**(ब) संस्कृति के दो भिन्न पक्ष होते हैं–भौतिक और .............।**

**उत्तर**–(अ) संस्कृति, (ब) अभौतिक।

## पाठगत प्रश्न – 1.2

**प्रश्न 1. सांस्कृति और सभ्यता में क्या अन्तर है?**

**उत्तर**–सभ्यता हमें इस बात की जानकारी देती है कि हमारे जीने के तरीके कौन–कौन से हैं तथा हम अपनी आवश्यकताओं को कैसे पूरा करते हैं, जबकि संस्कृति के अन्तर्गत मानव की कला, विज्ञान, संगीत, नृत्य तथा अन्य उपलब्धियों को सम्मिलित किया जाता है। संस्कृति के अन्तर्गत हमारे जीवन के समस्त पहलुओं को सम्मिलित किया जाता है।

**प्रश्न 2. संस्कृति और सभ्यता में दो समानताएँ लिखिए।**

**उत्तर**–संस्कृति और सभ्यता में दो समानताएँ निम्नलिखित हैं– (1) कृषि कार्य दोनों का ही महत्त्वपूर्ण अंग हैं, (2) संस्कृति और सभ्यता, दोनों में ही मानवीय जीवन के समस्त पहलुओं को शामिल किया जाता है।

## पाठगत प्रश्न – 1.3

**प्रश्न 1. सांस्कृतिक विरासत क्या है?**

**उत्तर**–हमने अपने पूर्वजों से कई चीजें सीखते हैं। विभिन्न आचार-व्यवहार, रीति-रिवाज, परम्पराएं, धार्मिक मूल्य, कला, संगीत इत्यादि। इन्हीं को सांस्कृतिक विरासत कहते हैं।

**प्रश्न 2. सांस्कृतिक विरासत के कुछ उदाहरण दीजिये।**

**उत्तर**–विभिन्न वेद, पुराण, उपनिषद, धार्मिक ग्रंथ, ताजमहल, लाल किला जैसे स्मारक, विभिन्न पुस्तकें इत्यादि सांस्कृतिक विरासत के कुछ उदाहरण हैं।

## पाठगत प्रश्न – 1.4

**प्रश्न 1. अनुमति देने योग्य व्यावहारिक आदर्शों से क्या अभिप्राय है?**

**उत्तर**–अनुमति देने योग्य व्यावहारिक आदर्शों से अभिप्राय उन आदर्शों से है, जो हमें संस्कृति द्वारा प्रदान किये जाते हैं। इसमें यह बताया जाता है कि कार्य को किस प्रकार करना चाहिए तथा एक व्यक्ति का उचित व्यवहार किस प्रकार का होना चाहिए।

Neeraj Publications www.neerajbooks.com

**प्रश्न 2. आप कैसे कह सकते हैं कि संस्कृति गतिशील है।**

**उत्तर–संस्कृति की प्रमुख विशेषताएँ**–यद्यपि संस्कृति का विकास एक धीमी प्रक्रिया है, परन्तु इसका क्षेत्र अत्यधिक विस्तृत है इसलिए इसकी अनेक विशेषताएँ होती हैं।

**संस्कृति गतिशील होती है**–संस्कृति गतिशील होती है और इसमें निरन्तर परिवर्तन होता है। यह परिवर्तन इतना धीमा, सतत और सूक्ष्म होता है कि उसका निरीक्षण कठिन होता है। ऐसे में यह विश्वास होने लगता है कि संस्कृति स्थिर होती है। प्रत्येक संस्कृति में परिवार, विवाह, नातेदारी, धर्म और राजनीति की विभिन्न संस्थाएँ विद्यमान रहती हैं इसलिए संस्कृति को स्थिर माना जाता है परन्तु यह सर्वथा सत्य नहीं है। यद्यपि यह स्थिर प्रतीत होती है, परन्तु फिर भी संस्कृति गतिशील है। संकट के समय; यथा–सूखा, भूकम्प, अकाल आदि की स्थिति में सांस्कृतिक परिवर्तन तीव्र होता है। संस्कृति बहती हुई नदी के समान होती है, जो समय और स्थान के साथ अपनी निरन्तरता की ओर संकेत करती है। यह उन सभी सांस्कृतिक तत्त्वों को अपने साथ बहा ले जाती है, जो इसके किनारे पर पड़े होते हैं। इस प्रकार विभिन्न सांस्कृतिक तत्त्व मुख्य धारा में मिलकर पुनर्स्थापित, शोधित तथा परिवर्तित हो जाते हैं। यह बहाव कहीं जाकर स्थिर हो जाता है।

## पाठगत प्रश्न – 1.5

**प्रश्न 1. संस्कृति एक सभ्य जीवन हेतु क्या प्रदान करती है?**

**उत्तर**–संस्कृति हमें जीवन जीने का तरीका सिखाती है। यह हमें कलाओं के माध्यम से सौन्दर्य प्रदान करती है। इसके अतिरिक्त संस्कृति हमें प्रेम, सहिष्णुता और शक्ति का पाठ पढ़ाती है।

**प्रश्न 2. कौन–सा व्यक्ति समाज में असंस्कृत कहलाएगा?**

**उत्तर**–वह व्यक्ति जो समाज में बुरे कार्य करता है तथा जिसके विचार उसके नियंत्रण में नहीं हैं तथा जो अपने कार्यों में भी आत्म–नियंत्रित नहीं है, वह असंस्कृत व्यक्ति कहलाता है।

## पाठांत प्रश्न

**प्रश्न 1. आप संस्कृति की अवधारणा को कैसे परिभाषित करेंगे?**

**उत्तर–संस्कृति की परिभाषा**–संस्कृति में वे सब शामिल हैं, जिन्हें मानव ने अपने व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन के क्षेत्र में अब तक एकत्र किया है। इसके अंतर्गत मानव की कला, रीति–रिवाज, परम्परा, संस्कृति, धर्म, भाषा और इस प्रकार के अन्य गुण आते हैं। **मैकाइवर** और **पेज** ने इस सम्बन्ध में लिखा है, "*यह मूल्यों, शैलियों, भावात्मक लगावों तथा भौतिक अभियानों का क्षेत्र है। इस प्रकार संस्कृति सभ्यता का सर्वथा प्रतिवाद है। वह हमारे रहने और सोचने के ढंगों में, दैनिक कार्य–कलापों में, कला में, साहित्य में, धर्म में, मनोरंजन और सुखोपयोग में हमारी प्रकृति की अभिव्यक्ति है।*"

**संस्कृति के अंग**–संस्कृति के दो स्पष्ट अंग हैं–भौतिक एवं अभौतिक।

**(1) भौतिक संस्कृति**–इसमें वे वस्तुएँ होती हैं, जो हमारे भौतिक जीवन से सम्बन्धित होती हैं; जैसे–वस्त्र, भोजन, घर का सामान आदि।

**(2) अभौतिक संस्कृति**–अभौतिक संस्कृति विचार, विचार के तरीके, पद्धतियाँ आदि दीर्घकाल में मानव के व्यवहार में परिवर्तन लाते हैं।

**प्रश्न 2. संस्कृति और सभ्यता कैसे समानार्थक हैं?**

**उत्तर–सभ्यता का अर्थ**–सभ्यता संस्कृति की एक अवस्था होती है। सभ्यता अनेक संस्कृतियों से मिलकर बनती है। उदाहरण के लिए, कृषि कार्य संस्कृति का एक अंग है और उसी प्रकार सभ्यता का भी। सभ्यता मानव समाज और संस्कृति की एक उन्नत अवस्था है, जिसमें संस्कृति, विज्ञान, उद्योग और सरकार प्रवेश कर चुकी होती हैं। **मैकाइवर** और **पेज** के अनुसार, "*सभ्यता का आशय उस समूची यंत्र पद्धति और संगठन से है, जिसका मनुष्य ने अपने जीवन की परिस्थितियों पर नियंत्रण करने के प्रयास में आविष्कार किया।*"

**संस्कृति और विरासत से सभ्यता का सम्बन्ध**–सभ्यता संस्कृति की एक अवस्था मानी जाती है। सभ्यता अनेक संस्कृतियों से मिलकर बनती है। विरासत कम या अधिक मात्रा में जन्म, बौद्धिकता और उत्तराधिकार से प्राप्त होती है। यह एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी को हस्तांतरित होती है। संस्कृति व्यक्ति के जन्म के पश्चात् से प्रारम्भ होती है, जबकि विरासत जन्म से पहले से ही शुरू हो जाती है। सभ्यता अपने विशेष गुण के साथ अनेक संस्कृतियों का मिश्रण है। विरासत एक निश्चित संपदा होती है। ताजमहल, जामा मस्जिद, लाल किला आदि विरासत के उदाहरण हैं।

**प्रश्न 3. सांस्कृतिक विरासत क्या है?**

**उत्तर**–हमने अपने पूर्वजों से बहुत–सी बातें सीखीं। आज हम जिन रीति–रिवाजों तथा परम्पराओं का पालन करते हैं, उनके बारे में हमें हमारे पूर्वजों ने ही बताया। जिन रीति–रिवाजों, परम्पराओं तथा आचार–व्यवहार सम्बन्धी जिन बातों को हमने अपने पूर्वजों से ग्रहण किया, वे हमारी सांस्कृतिक विरासत कही जाती हैं। सांस्कृतिक विरासत के अन्तर्गत कला, विभिन्न भवन

Neeraj Publications www.neerajbooks.com

www.neerajbooks.com



(स्मारक भी), मन्दिर, नृत्य, संगीत, नाटक इत्यादि को भी सम्मिलित किया जाता है। वास्तव में सांस्कृतिक विरासत में वे सभी पक्ष सम्मिलित हैं, जो मनुष्यों को पीढ़ी-दर पीढ़ी अपने पूर्वजों से प्राप्त हुए हैं।

**प्रश्न 4. संस्कृति की सामान्य विशेषतायें क्या हैं?**

**उत्तर–संस्कृति की प्रमुख विशेषताएँ**–यद्यपि संस्कृति का विकास धीमी प्रक्रिया है, परन्तु इसका क्षेत्र अत्यधिक विस्तृत है इसलिए इनकी अनेक विशेषताएँ होती हैं–

**(1) संस्कृति गतिशील होती है**–संस्कृति गतिशील होती है और इसमें निरन्तर परिवर्तन होता है। यह परिवर्तन इतना धीमा, सतत और सूक्ष्म होता है कि उसे पहचानना कठिन होता है।

**(2) संस्कृति सार्वभौमिक होती है**–संस्कृति की सामान्य विशेषताएँ सभी जगह मिलती हैं। संस्कृति के अंश सभी समाजों में मिलते हैं। यह विश्व के किसी भी क्षेत्र में रहने वाले सभी जीवों का एक सामान्य गुण है। संसार के विभिन्न क्षेत्रों में रहने वाले सभी मनुष्य अपने पृथक्-पृथक् वातावरण के साथ क्रिया करते हैं तथा अपनी-अपनी क्षमताओं के अनुसार जीविकोपार्जन के लिए भिन्न-भिन्न प्रकार की तकनीक का विकास करते हैं। उनके कुछ नियम और व्यवहार के मापदण्ड नियंत्रण, कानून और न्याय आदि विभिन्न संस्थाओं के कार्य में सहायता करते हैं। विवाह, परिवार, धार्मिक संस्थाएँ सभी जगह मिलते हैं।

**(3) संस्कृति अर्जित की जाती है और सीखी जाती है**–निम्नलिखित बातों से स्पष्ट है कि संस्कृति अर्जित की जाती है और सीखी जाती है–

*(i)* मनुष्य कुछ गुण, जैसे–आँखों का रंग, बाल, त्वचा और लिंग आदि वंशानुगत रूप से प्राप्त करता है।

*(ii)* सामाजिक और सांस्कृतिक गुण समाज के सदस्यों से सीखे जाते हैं।

*(iii)* सामाजिक और सांस्कृतिक गुण प्रचलित सांस्कृतिक, भौतिक और सामाजिक वातावरण के साथ अन्तर्संबंधित होकर सीखे जा सकते हैं।

*(iv)* ज्ञान, विचार, कला, भाषा, संभाषण, रीतियाँ, परम्परा और व्यवहार एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी को संवाहित होते हैं।

**(4) संस्कृति में भौतिक और अभौतिक तत्त्व सम्मिलित होते हैं**–भौतिक तत्त्व मानव-निर्मित गुणों में प्रतिबिम्बित होते हैं। संस्कृति के विभिन्न अंग मनुष्य की योग्यता, प्रतिभा और कौशल के आधार पर आविष्कृत एवं सृजित किए जाते हैं। यह सब अपने रहन-सहन और जीविका को सुगम बनाने के लिए भौतिक और सामाजिक पर्यावरण के दोहन द्वारा संभव है।

संस्कृति के अभौतिक अंग मानवीय व्यवहार को नियंत्रित और नियमित करने के लिए मानव द्वारा बनाए जाते हैं। विभिन्न रीतियाँ, व्यवहार, परम्पराएँ, नियम, कानून और न्याय मानव द्वारा तैयार और निर्मित किए जाते हैं, जोकि उनके व्यवहार को नियंत्रित और नियमित करने के लिए उन पर नियंत्रण रखते हैं।

## अन्य महत्त्वपूर्ण प्रश्न

### बहुविकल्पी प्रश्न

**प्रश्न 1. निम्नलिखित में कौन-सा कथन सही है?**

*(a)* सभी देशों की संस्कृति समान होती है।
*(b)* सभी देशों की संस्कृति भिन्न-भिन्न होती है।
*(c)* कुछ देशों की संस्कृति समान होती है।
*(d)* अधिकांश देशों की संस्कृति समान होती है।

**उत्तर**–*(b)* सभी देशों की संस्कृति भिन्न-भिन्न होती है।

**प्रश्न 2. व्यक्ति के सीखे हुए व्यवहार को क्या कहते हैं?**

*(a)* संस्कृति *(b)* व्यक्तित्त्व
*(c)* सभ्यता *(d)* मूल प्रवृत्ति

**उत्तर**–*(a)* संस्कृति।

**प्रश्न 3. निम्नलिखित में कौन-सी विशेषता संस्कृति की नहीं है?**

*(a)* हस्तान्तरणशीलता *(b)* सीखा हुआ व्यवहार
*(c)* आदर्शात्मक *(d)* अनिरन्तरता

**उत्तर**–*(d)* अनिरन्तरता।

**प्रश्न 4. निम्नलिखित में कौन-सी अवस्था संस्कृति की प्रथम अवस्था है?**

*(a)* जंगली अवस्था *(b)* कृषि अवस्था
*(c)* औद्योगिक अवस्था *(d)* असभ्य अवस्था

**उत्तर**–*(a)* जंगली अवस्था।

**प्रश्न 5. साइबर काल किस अवस्था में आता है?**

*(a)* जंगली अवस्था *(b)* कृषि अवस्था
*(c)* औद्योगिक अवस्था *(d)* असभ्य अवस्था

**उत्तर**–*(c)* औद्योगिक अवस्था।

**प्रश्न 6. निम्नलिखित में सत्य अथवा असत्य बताइए–**

**(1) संस्कृति सम्पूर्ण सीखे हुए व्यवहार का योग है।**

**(2) एक समाज की संस्कृति दूसरे से भिन्न हो सकती है।**

**(3) संस्कृति के दो मुख्य अंग हैं–भौतिक और अभौतिक।**

**(4) संस्कृति बिना सीखा हुआ व्यवहार है।**

**उत्तर**–(1) सत्य, (2) सत्य, (3) सत्य, (4) असत्य।

**प्रश्न 7. संस्कृति की विभिन्न विशेषताएँ क्या हैं?**

**उत्तर**–(1) यह सर्वव्यापक होती है।

(2) संस्कृति गतिशील होती है।

(3) यह अर्जित और सीखे हुए व्यवहार से निकलती है।

www.neerajbooks.com